# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–8/08929/2022 जयपुर, दिनांकः 23-12-2022

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(1401)सूप्रौ/संस्था/13/पार्ट–8/06127/2022 दिनांक 16.09.2022 के द्वारा श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, सहायक प्रोग्रामर का स्थानांतरण/पदस्थापन कार्यालय–जिला परिवहन कार्यालय, परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, जैसलमेर, जैसलमेर से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, पंचायत समिति–संकरा, जैसलमेर में सुनील कुमार रोहिला के स्थान पर किया गया था।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर द्वारा अपील संख्या 496/2022 में पारित आदेश दिनांक 30.09.2022 के द्वारा श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जगदीश प्रसाद के स्थानांतरण आदेश दिनांक 16.09.2022 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के सम्बन्ध में अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित रखा है।

माननीय अधिकरण के आदेश की पालना में समसंख्यक स्थानांतरण आदेश दिनांक 16.09.2022 (क्र.सं. अ–115) श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, सहायक प्रोग्रामर की सीमा तक निरस्त किया जाता है। श्री ओम प्रकाश, सहायक प्रोग्रामर अपने पूर्व पदस्थापित कार्यालय यथा जिला परिवहन कार्यालय, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, जैसलमेर, जैसलमेर में यथावत कार्यरत रहेंगे।

उक्त आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

नोटः–नियमानुसार यात्रा भत्ता/योगकाल देय होगा।

आज्ञा से,

(सुनील छाबड़ा)
तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव / आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. संबंधित विभागाध्यक्ष /कार्यालयाध्यक्ष................................।
3. निजी सचिव, संयुक्त सचिव (अ.अ.), मुख्यमंत्री कार्यालय, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. कार्यालयाध्यक्ष/ प्रभारी अधिकारी संस्थापन, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
5. प्रभारी अधिकारी विशेषाधिकारी (यू.आई.डी.) एवं प्रभारी अधिकारी संस्थापन (अराजपत्रित)/लीगल सैल, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
6. प्रभारी अधिकारी (वेबसाईट), सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
7. संबंधित राजसेवक को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से नव पदस्थापन विभाग में कार्यग्रहण कर इस विभाग को सूचित करें साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट oic.estt@rajasthan.gov.in पर ई–मेल करें।
8. निजी/रक्षित पत्रावली।

तकनीकी निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव